कौशल विकास मंत्री ने कहा, प्रशिक्षण के लिए चयनित युवाओं को सात हजार रुपये मानदेय मिलेगा

अगले छह माह में 51 हजार को उद्योगों में रोजगार

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

योगी सरकार आगामी छह महीने में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षित 51 हजार प्रशिक्षार्थियों को प्रतिष्ठित उद्योगों में रोजगार दिलवाएगी। साथ ही 40 हजार अभ्यर्थियों को उद्योगों व एमएसएमई में शिक्षुता प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत चयनित युवाओं को 7000 रुपये का मानदेय हर महीने मिलेगा।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मंगलवार को लोकभवन में हुई प्रेसवार्ता में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द प्रदेश के निर्माणाधीन 16 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का लोकार्पण करेंगे।

40 हजार युवाओं को उद्योगों में प्रशिक्षण

हेल्थकेयर सेक्टर में प्रशिक्षण : कपिल अग्रवाल ने कहा कि कोविड प्रबंधन में हेल्थ केयर सेक्टर में 41 हजार युवाओं का विशिष्ट प्रकृति का प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य है। मनोरंजन व नागरिक उड्डयन जैसे क्षेत्रों में भी युवाओं के प्रशिक्षण पर फोकस किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि उद्योगों की बदलती मांग को देखते हुए लाइफ साइंसेज, रबर, इंस्ट्रूमेंटेशन, आटोमेशन, सर्विलांस, लेदर एंड स्पोटर्स गुड्स जैसे दस क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है।

गौतमबुद्धनगर में माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर जल्द बनेगा

गौतमबुद्धनगर में माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर की स्थापना का काम जल्द शुरू होगा। काउंसिलिंग के लिए एनसीआर व दिल्ली आने वाले युवा यहां 15 दिन तक रहने व भोजन की सुविधा नि:शुल्क उठा सकते हैं।

सीएम हेल्पलाइन से लिया जाता है युवाओं से फीडबैक

कौशल विकास विभाग के सचिव आलोक कुमार ने कहा है कि प्रशिक्षण लेने के बाद निजी क्षेत्र में रोजगार करने वालों संपर्क किया जाता है। सीएम हेल्पलाइन के जरिए जाब के संबंध में फीडबैक लिया जाता है। उनसे पूछा जाता है कि वह अपना रोजगार क्यों बदल रहे हैं।